**मिसाल** जनता का तमाचा, पार्षद को मिर्ची, जनप्रतिनिधि सोए 'कुंभकर्णी' नींद, वार्डवासियों ने चंदा जुटाकर खुद बना डाला घाट

# गरीब बैगा मजदूर के हाथों हुआ ऐतिहासिक उद्‍घाटन

**प्रदीप शर्मा**

**नवभारत, धनपुरी ।** लोकतंत्र में जब जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी भूलकर सिर्फ ठेकेदारी और नोट कमाने में व्यस्त हो जाएं, तो जागरूक जनता को खुद कमान संभालनी पड़ती है। ऐसा ही एक मिसाल और व्यवस्था के गाल पर करारा तमाचा मारने वाला मामला धनपुरी नगरपालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 24 (ज्वालामुखी, कुदराटोला) से सामने आया है। यहाँ वर्षों से एक छोटी तलैया (तालाब) बदहाली के आंसू रो रही थी, जिससे तीन वार्डों की जनता प्रभावित थी। मुख्य मार्ग के पास स्थित इस तालाब के सौंदर्यीकरण और घाट निर्माण की मांग स्थानीय लोग वर्षों से अपने तथाकथित जनप्रतिनिधि से कर रहे थे, लेकिन खुद को 'जनसेवक' कहने वाले पार्षद ने इस जनहित के मुद्दे को परिषद के सामने रखना तक मुनासिब नहीं समझा।



जब व्यवस्था पंगु हो गई और पार्षद की निष्क्रियता की हद पार हो गई, तो वार्ड के स्वाभिमानी नागरिकों ने किसी के आगे हाथ फैलाने के बजाय आत्मनिर्भरता का रास्ता चुना। वार्ड के प्रबुद्ध और जिम्मेदार नागरिकों ने एकजुट होकर आपसी सहमति से चंदा इकट्ठा किया और जनसहयोग से एक विशाल घाट का निर्माण कार्य न केवल शुरू कराया, बल्कि उसे सफलतापूर्वक पूरा करके भी दिखाया।

### मजदूर से कटवाया फीता, सोए हुए सिस्टम को दिखाया आईना

यह मामला पूरे नगर में तब सबसे बड़ी चर्चा का विषय बन गया, जब इस नवनिर्मित घाट के उद्घाटन के लिए किसी रसूखदार नेता को नहीं, बल्कि एक गरीब बैगा समाज के मजदूर को मुख्य अतिथि बनाया गया। इस गरीब मजदूर ने अपनी हाड़-तोड़ मेहनत की कमाई से घाट निर्माण के लिए अंशदान दिया था। वार्ड वासियों ने उसके इस मार्मिक और निश्छल भाव का सम्मान करते हुए, उसी के कर-कमलों से फीता कटवाया। इसके बाद पूरे क्षेत्र में डीजे, बाजे-गाजे के साथ जश्न मनाया गया और एक भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

जनता का आक्रोश- स्थानीय पत्रकारों से बात करते हुए वार्ड वासियों ने तीखे लहजे में कहा कि यह तमाशा और गाजे-बाजे उन कुंभकर्णी नींद में सोए जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को जगाने और उन्हें आईना दिखाने के लिए था, जो सिर्फ चुनाव के वक्त हाथ जोड़कर आते हैं।

### इन स्वाभिमानी नायकों ने पेश की मिसाल

वार्ड वासियों के आरोपों के मुताबिक, मौजूदा पार्षद सिर्फ ठेकेदारी और अपनी जेबें भरने के लिए राजनीति का स्वांग रच रहा है, जिसे जनसुविधाओं से कोई सरोकार नहीं है। लेकिन वार्ड के जांबाज समाजसेवियों ने साबित कर दिया कि जनता ही सर्वोपरि है। इस ऐतिहासिक और अनुकरणीय कार्य में काली चरण लोधी, जीवन लोधी, सज्जू लोधी, मुनू लोधी, राहुल लोधी, काशी लोधी, अरविन्द रजक, सुजीत लोधी, नर्मदा सिंह, मनोज कुशवाहा, जयदीप कुशवाहा, और ज्वाला लोधी सहित तमाम वार्ड वासियों ने अपना अमूल्य और अनुकरणीय योगदान दिया, जिनकी आज पूरे धनपुरी नगर में भूरी-भूरी प्रशंसा हो रही है।

**काम में नदारद, प्रसाद खाने में आगे : पार्षद की जमकर उड़ी खिल्ली**

हद तो तब हो गई जब इस पूरे निर्माण कार्य में एक धेला न देने वाले और विकास कार्यों से मुंह मोड़ने वाले निष्क्रिय पार्षद महोदय भंडारे में प्रसाद चाटने सबसे पहले पहुंच गए। इतना ही नहीं, जनाब ने वहां जाकर ऐसे फोटो खिंचवाए मानो यह पूरी भगीरथ कला उन्हीं की देन हो। पार्षद के इस ढोंग और 'चटकारे' लेकर प्रसाद खाने की हरकत पर पूरे नगर में थू-थू हो रही है। लोगों ने जमकर हंसी उड़ाते हुए कहा कि 'काम के नाम पर ढेंसी, और मलाई खाने की ऐसी बेबसी!

# अंधविश्वास के शक में बुजुर्ग महिला की कर दी थी हत्या

**जादू-टोना के शक में कुल्हाड़ी से की थी हत्या, पुलिस ने हथियार और मोबाइल किया जब्त**



**नवभारत, जयसिंहनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जयसिंहनगर थाना पुलिस ने ग्राम कनाड़ीकला में हुई वृद्ध महिला की हत्या का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने जादू-टोना के अंधविश्वास के चलते वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार 6 जुलाई 2026 को फरियादी महेंद्र यादव ने सूचना दी थी कि उसकी मां गेंदा बाई यादव बाजार से घर लौटते समय ग्राम कनाड़ीकला स्थित बड़ादेव के पास कुल्हड़िया नदी की धार में मृत अवस्था में पड़ी मिलीं। उनके गले पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। सूचना पर जयसिंहनगर थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। विवेचना के दौरान जुटाए गए मौखिक, परिस्थितिजन्य और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अनिल यादव और सुनील यादव से अलग-अलग पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया।आरोपियों ने बताया कि उन्हें मृतका गेंदा बाई यादव पर जादू-टोना करने का संदेह था। उनका मानना था कि मृतका द्वारा टोना-टोटका किए जाने के कारण उनके परिवार की मां लगातार बीमार रहती थी। इसी अंधविश्वास के चलते दोनों ने पहले से हत्या की योजना बनाई। योजना के अनुसार सुनील यादव कुल्हड़िया नदी के पास कुल्हाड़ी लेकर पहले से घात लगाए बैठा था। जैसे ही गेंदा बाई वहां पहुंचीं, अनिल यादव ने पीछे से कुल्हाड़ी से गर्दन पर लगातार वार कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी एवं अपराध में इस्तेमाल मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अनिल यादव (22 वर्ष) एवं सुनील यादव (25 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम कनाड़ीखुर्द, थाना जयसिंहनगर, को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।इस कार्रवाई में एसडीओपी ब्यौहारी ऋषभ छारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार बैगा सहित जयसिंहनगर थाना स्टाफएवं साइबर सेल शहडोल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**एक नजर में**



### बाबा भोले के जयकारों से गूंजेगा अंचल, कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर गोदावल धाम में मंथन

**नवभारत, ब्योहारी।** आगामी पावन श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को भव्य, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धामय बनाने के उद्देश्य से गोदावल धाम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांवड़ यात्रा समिति के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर यात्रा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में यात्रा मार्ग, श्रद्धालुओं के विश्राम, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन तथा स्वागत स्थलों सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि इस वर्ष कांवड़ यात्रा को पहले से अधिक भव्य और अनुशासित स्वरूप दिया जाएगा, जिससे दूर-दूर से आने वाले शिवभक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में सभी सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं श्रद्धालुओं से कांवड़ यात्रा में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने तथा धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प भी लिया गया। बैठक के अंत में भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ सफल एवं मंगलमय कांवड़ यात्रा की कामना की गई।

# गोदावल धाम में भगवान चित्रगुप्त की प्राण-प्रतिष्ठा 8 अगस्त को

**हवन-पूजन व विशाल भंडारे का होगा आयोजन**



**नवभारत, ब्यौहारी।** गोदावल धाम, ब्यौहारी में भगवान श्री श्री 1008 श्री चित्रगुप्त जी महाराज के नवनिर्मित भव्य मंदिर में 8 अगस्त 2026 को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आस्था एवं श्रद्धा से जुड़े इस आयोजन को लेकर श्रीवास्तव परिवार सहित क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण है। कार्यक्रम के अंतर्गत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा, हवन-पूजन एवं महाआरती संपन्न होगी, जिसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

आयोजकों ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में क्षेत्र के संत-महात्मा, विद्वान आचार्यगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज के नव निर्मित मंदिर में विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद भक्तों के लिए दर्शन-पूजन की व्यवस्था रहेगी। दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया गया है।आयोजन समिति का कहना है कि यह धार्मिक अनुष्ठान केवल एक मंदिर की स्थापना नहीं, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना, सद्भाव एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आशा देवी श्रीवास्तव, रितेश-निधि श्रीवास्तव, रत्नेश-स्वाति श्रीवास्तव सहितश्रीवास्तव परिवार की ओर से क्षेत्रवासियों एवं सभी श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में गोदावल धाम पहुंचकर भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं भंडारे में सहभागी बनकर आयोजन की गरिमा बढ़ाएं।

# सुभाष चौक पर रोजाना लग रहा लंबा जाम, कोयले के भारी वाहनों से नागरिक बेहाल

**जर्जर मार्ग और गड्ढे बढ़ा रहे दुर्घटना का खतरा**



**नवभारत, धनपुरी ।** कोयलांचल क्षेत्र के प्रमुख मार्गों में शामिल सुभाष चौक इन दिनों लगातार जाम की समस्या से जूझ रहा है। लगभग हर दिन यहां कोयले से लदे भारी वाहनों की आवाजाही के कारण लंबा जाम लग जाता है, जिससे आम नागरिकों, स्कूली बच्चों, कर्मचारियों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। जमीनी स्तर पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सुभाष चौक के ठीक समीप कोयला साइडिंग होने के कारण पूरे दिन कोयले से लदे भारी वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं।

सड़क का मोड़ काफी संकरा होने के कारण जब दो बड़े वाहन आमने-सामने आते हैं तो यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। इसके चलते कुछ ही मिनटों में वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और लोगों को घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। कई बार आपातकालीन सेवाओं और मरीजों को लेकर जाने वाले वाहनों को भी इस जाम का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को लेकर कई बार राजनीतिक दलों द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किया गया लेकिन मामला आज भी पूर्व की तरह है। नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सुभाष चौक से गुजरने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग का शीघ्र चौड़ीकरण कराया जाए, जर्जर सड़क की मरम्मत कराई जाए तथा भारी वाहनों की आवाजाही के लिए प्रभावी यातायात प्रबंधन लागू किया जाए। उनका कहना है कि इससे न केवल रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिलेगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी काफी हद तक कम होगी। अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि उनकी वर्षों पुरानी मांग पर जल्द ही गंभीरता से ध्यान दिया जाएगा, ताकि कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित और सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।

# बीएमओ के संरक्षण में फल-फूल रहा अवैध पैथालॉजी कारोबार

**सीएचसी के बाहर दर्जनों लैब, मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़**




**नवभारत, ब्योहारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ब्योहारी के आसपास कथित रूप से संचालित हो रही पैथालॉजी लैबों को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल के बाहर बिना आवश्यक मानकों और वैध अनुमति के कई पैथालॉजी लैब वर्षों से बेखौफसंचालित हो रही हैं, हैरानी की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग का जिम्मेदार अमला यह सब जानते हुए भी इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है । लोगों के बीच यह चर्चा तेज है कि आखिर इन लैबों को किसका संरक्षण प्राप्त है और जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई से क्यों बच रहे हैं?

### निजी पैथालॉजी में जांच कराने मजबूर मरीज

बताया जाता है कि अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों को डॉ. द्वारा कुछ निजी पैथालॉजी लैबों तक भेजे जाने की भी शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। आरोप है कि इन लैबों में कई जगह निर्धारित नियमों के अनुरूप संसाधन, योग्य तकनीकी स्टाफ और आवश्यक पंजीयन की स्थिति संदिग्ध है। यदि ऐसा है तो यह न केवल नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ भी गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है।

### नियम कानून से परे संचालित पैथालॉजी, जिम्मेदार मौन

स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार पैथालॉजी लैब का संचालन निर्धारित मानकों और आवश्यक अनुमति के बाद ही किया जा सकता है।

**निष्पक्ष कार्यवाही की उठी मांग**

अब लोगों की मांग है कि कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और संबंधित प्रशासनिक अधिकारी पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएं। यदि कोई लैब बिना वैध अनुमति या निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित पाई जाती है तो उसके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए और यदि अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत सामने आती है तो उन पर भी नियमानुसार कार्रवाई हो, ताकि मरीजों के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो सके।

# धनपुरा व गोरतरा में चला नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान

**पुलिस ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ**




**नवभारत, शहडोल।** पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिलेभर में संचालित ष्नशे से दूरी है जरूरी 2.0ष् अभियान के तहत पुलिस लगातार लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर रही है। अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्र के ग्राम धनपुरा एवं गौरतरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। इससे न केवल व्यक्ति का भविष्य प्रभावित होता है, बल्कि परिवार और समाज भी इसके दुष्परिणामों का सामना करता है। इस अवसर पर मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा नशे की रोकथाम में समाज की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को शिक्षा, खेलकूद एवं अन्य सकारात्मक गतिविधियों से जुड़कर स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल पुलिस का नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा दायित्व है। यदि कहीं भी मादक पदार्थों के अवैध कारोबार अथवा नशे से संबंधित कोई गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# सूरज इंस्टीट्यूट ने शुरू किया 100 प्रतिशत नि :शुल्क नवोदय विशेष बैच

**नवभारत, गोहपारू।** ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षा की गुणवत्तापूर्ण तैयारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सूरज इंस्टीट्यूट गोहपारू द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2027 की तैयारी के लिए 100 प्रतिशत नि:शुल्क नवोदय विशेष बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष गोहपारू राजीव शर्मा (अन्नू जी) रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। संस्थान द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया के माध्यम से 30 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थियों को अनुभवी शिक्षकों द्वारा



नियमित कक्षाओं के साथ अध्ययन सामग्री, मॉडल टेस्ट एवं व्यक्तिगत शैक्षणिक मार्गदर्शन पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। संस्थान के निदेशक सूरज मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन आर्थिक कठिनाइयों के कारण कई प्रतिभावान विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण तैयारी से वंचित रह जाते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संस्थान द्वारा यह सामाजिक पहल शुरू की गई है, ताकि क्षेत्र के होनहार विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रख सकें। मुख्य अतिथि राजीव शर्मा ने सूरज इंस्टीट्यूट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# चातुर्मास के लिए आर्यिका गुरमति सहित 11 गुरु मां का बुढ़ार में मंगल प्रवेश

**नवभारत, बुढ़ार ।** हृदय सरल , तरल होगा तभी मनुष्य जीवन सफल एवं जीवंत बनेगा, जैसे नदी, तलब का पानी जब बर्फ बन जाता है तो मछलियों का जीवित रहना मुश्किल हो जाता है। वैसे ही मनुष्य को जीवंत बने रहने के लिए सरल,व सौम्य बनना होगा। उक्त उद्गारसमाज को संबोधित करते हुए पूज्य आर्यिका रिजु मति जी ने आज बुढार अगवानी पर मंच से व्यक्त किए। 19 जून 2026 दिन रविवार को प्रात: 7 बजे गुरुदेव विद्या सागर की शिष्या एवं वर्तमान आचार्य एक्सश्री समय सागर जी के आशीर्वाद से बुढार में चातुर्मास स्थापना हेतु आर्यिका 105 रिजूमती गुरु मां अपने 10 आर्यिका संघ ने वासुपूज्य



जिनालय धनपुरी से बुढार के लिए गमन किया। लगभग 8 बजे बुढार नगर में जैन समाज बुढार के व अन्न संगठन कमेटियों ने पूरे गर्मजोशी से धार्मिक वातावरण मे स्वागत किया । जैन समाज के प्रसन्न जैन(दीपू) जैन ने बताया बताया कि पार्श्‍वनाथ जैन समिति, शांति नाथ जैन मनीर समिति, शक्ति सागर पाठशाला समिति, राजुल समिति,त्रिशला महिला मंडल,नवयुवक मंडल ,सभी एक जैन समाज के धार्मिक वस्त्र मे लय बद्ध तरीके से अपनी पूज्य आराध्य मान की अगवानी में बढ़ चढ़ कर हिस्से दारी निभाते नजर आए।

### आर्यिका श्रद्धामति माता

आर्यिका उत्कर्षमति माता के आगमन बुढ़ाई नगर में उल्लाह और हर्ष का वातावरण बना हुआ है नगर के दोनों मंदिरों को आकर्षित तरीके से सजाया गया है नगर के मुख्य द्वारों को सजावट दुल्हन की तरह की गई है ताकि आगामी 4 महीना तक नगर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहे।

**होगी धर्मनगरी बुढ़ार में आध्यात्मिक चेतना**

आचार्य समय सागर के आशीर्वाद से , आर्यिका रत्न 105 श्री ऋजुमति माता, आर्यिका सरलमति माता, आर्यिका शीलमति माता, आर्यिका असीममति माता, आर्यिका गौतममति माता, आर्यिका निर्वाणमति माता, आर्यिका मार्दवमति माता, आर्यिका मंगलमति माता, आर्यिका चारित्रमति माता।

**आरोप** मूलभूत सुविधा से वंचित है वार्ड क्रमांक 15 ईरानी मोहल्ला के वार्डवासी

# वार्ड 15 के पार्षद पर मनमानी और पक्षपात का वार्डवासियों ने लगाया आरोप

**नवभारत, बुढ़ार।** नगर परिषद बुढ़ार के वार्ड क्रमांक 15 (टिकरी टोला, ईरानी मोहल्ला) में बदहाली और प्रशासनिक अनदेखी की सारी सीमाएं पार हो चुकी हैं। मूलभूत सुविधाओं के नाम पर वार्ड वासियों को सिर्फ आश्वासन और उपेक्षा ही मिल रही है। स्थानीय निवासी मुनव्वर हुसैन, शाकुर अली और समीर हुसैन सहित दर्जनों नागरिकों ने पार्षद जूली रजक पर गंभीर और आरोप लगाए हैं। वार्ड वासियों का कहना है कि चुनाव जीतने के बाद से आज तक पार्षद ने पलटकर वार्ड का रुख नहीं किया, बल्कि मदद मांगने जाने पर उन्हें अस्वासन दे दिया जाता है । स्थानीय निवासियों ने बेहद तीखा आरोप लगाते हुए कहा कि जब वे अपनी समस्याओं को लेकर पार्षद जूली रजक के पास जाते हैं, तो उन्हें काम करने के बजाय यह



कहकर दुत्कारा जाता है कि 'तुम लोगों ने मुझे वोट नहीं दिया, अब इसका परिणाम भुगतो।' इतना ही नहीं, वार्ड वासियों ने आरोप लगाया कि पार्षद द्वारा कभी विकास कार्यों को यह कहकर रोक दिया जाता है कि यह रेलवे की जमीन है, तो कभी सीधे तौर पर यह यह कह दिया जाता है तुम लोगों ने चुनाव मे वोट नहीं किया कि इसलिए इस वार्ड में कोई काम नहीं हो रहा है जब की नगर परिषद के अन्न वार्डो में विकास का कार्य प्रगति पर चल रहा हैं जनप्रतिनिधि का यह कथित रवैया न सिर्फ गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला है।

### जनता ने चंदा कर लगाया बोर, भू-जल स्तर गिरने से संकट गहराया

वार्ड में पानी की विकराल समस्या है। जब नगर परिषद से कोई मदद नहीं मिली, तो मोहल्ले के लोगों ने खुद आपस में चंदा इकट्ठा कर एक बोर लगवाया था। लेकिन अब गिरते भू-जल स्तर के कारण वह बोर भी बंद हो चुका है, जिससे पूरा इलाका बूंद-बूंद पानी के लिए मोहताज है।

### नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी सरावगी से हस्तक्षेप की अपील

पार्षद के तानाशाही रवैये और द्वेषपूर्ण राजनीति से तंग आकर अब पीड़ित वार्ड वासियों ने नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी से सीधे न्याय की गुहार लगाई है। स्थानीय नागरिकों ने अपील की है कि अध्यक्ष जी इस गंभीर मामले को तत्काल संज्ञान में लें। शासन की योजनाओं से वंचित और पार्षद के सौतेले व्यवहार का शिकार हो रहे वार्ड वासियों को इस नरकीय जीवन से निजात दिलाएं और मामले की गंभीरता को देखते हुए सड़क, नाली और पानी की समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करें।

**नालियों के अभाव में घरों में घुस रहा बरसात का पानी**

वार्ड में नालियों का निर्माण न होने के कारण स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। बरसात का पूरा गंदा पानी लोगों के घरों के अंदर घुस रहा है। सड़क की हालत इतनी जर्जर है कि जलभराव और गंदगी के कारण जहरीले जीव-जंतु और घरों में घुस रहे हैं, जिससे मासूम बच्चों और बुजुर्गों की जान पर हर वक्त खतरा मंडराता रहता है। नगर परिषद के इंजीनियर ने सीसी रोड निर्माण के लिए सर्वे भी किया था और जल्द सड़क बनाने का दावा किया था, लेकिन वह फाइलों में ही दबा रह गया। आज तक सड़क नहीं बन सकी, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप है।

# ब्यौहारी सिविल अस्पताल को मिली नई एम्बुलेंस, सांसद ने दिखाई हरी झंडी

**आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं होंगी और सशक्त, ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को मिलेगा त्वरित लाभ**



**नवभारत, शहडोल।** संसदीय क्षेत्र सीधी के सांसद राजेश मिश्रा ने ब्यौहारी सिविल अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और नई एम्बुलेंस के संचालन से क्षेत्र के लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकेगी। सांसद श्री मिश्रा ने कहा कि गंभीर मरीजों, गर्भवती महिलाओं, सड़क दुर्घटना में घायल लोगों तथा अन्य आपातकालीन मरीजों को अब अस्पताल तक शीघ्र पहुंचाने में नई एम्बुलेंस महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी त्वरित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों तक सुरक्षित एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सकेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित ब्यौहारी विधायक शरद कोल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नई एम्बुलेंस मिलने से सिविल अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं में मजबूती आएगी और क्षेत्रवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े ऐसे प्रयास ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने एम्बुलेंस में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं का अवलोकन भी किया और अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि वाहन का उपयोग पूरी तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को बिना किसी विलंब के चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष आकांक्षी सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, अस्पताल का चिकित्सा एवं पैरामेडिकल स्टाफ जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नई एम्बुलेंस मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।